राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने भगवान बिरसा मुण्डा की जयन्ती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

पटना, 15 नवम्बर 2019

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने आज भगवान बिरसा मुण्डा की जयन्ती के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में पटना सचिवालय, सिंचाई भवन के निकट (42, क्रान्ति मार्ग के तिकोन में स्थित) उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धा निवेदित की।

माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने भी इस अवसर पर भगवान बिरसा मुण्डा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

उक्त राजकीय समारोह में माननीय अध्यक्ष बिहार विधान सभा श्री विजय कुमार चौधरी, माननीय उद्योग मंत्री श्री श्याम रजक सहित कई जन–प्रतिनिधिगण, विभिन्न राजनीतिक–सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों/प्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं गणमान्य जन आदि ने भी भगवान बिरसा मुण्डा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

कार्यक्रम में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती–पूजन एवं देशभक्तिपूर्ण गीतों के गायन–कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

....